भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

प्रेस विज्ञप्ति

विषयः भारत के प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा चण्डीगढ हवाई अड्डे का नया सिविल एयर टर्मिनल राष्ट्र को समर्पित

नई दिल्ली, 11 सितंबर, 2015

चण्डीगढ हवाई अड्डा, चण्डीगढ अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड के नाम से एक संयुक्त उद्यम कंपनी है जिसमें भाविप्रा, हरियाणा सरकार एवं पंजाब सरकार की भागीदारी है। इस हवाई अड्डे का नया सिविल एयर टर्मिनल भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा, दिनांक 11 सितम्बर, 2015 को प्रो0 कप्तान सिंह सोलंकी, राज्यपाल, पंजाब व हरियाणा के राज्यपाल एवं प्रशासक चण्डीगढ़ संघ राज्य क्षेत्र, श्री पी. अशोक गजपति राजू, केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री, श्री प्रकाश सिंह बादल, मुख्यमंत्री पंजाब, श्री मनोहर लाल, मुख्यमंत्री हरियाणा, श्री सुखवीर सिंह बादल, उपमुख्यमंत्री, पंजाब तथा अन्य गणमान्यजनों की गरिमामयी उपस्थिति में राष्ट्र को समर्पित किया गया। प्रधानमंत्री जी ने इस नई सुविधा का दौरा किया और बिल्डिंग के आगमन क्षेत्र में फलक का उद्घाटन किया।

नया सिविल एयर टर्मिनल व्यस्ततम समय के दौरान 1600 यात्रियों को संभाल सकता है। टर्मिनल बिल्डिंग 300 एकड़ भूमि पर 53400 वर्गमीटर के क्षेत्र मे निर्मित है। टर्मिनल बिल्डिंग विश्वस्तरीय सुविधाओ जैसे चैक-इन काउंटर, वी.आई.पी. लाउंज, कार पार्किंग आदि से लैस है। हवाई अड्डे के एयर साइड में एप्रन और टैक्सी ट्रैक का निर्माण किया गया है। एप्रन मे 8 विमानों की पार्किंग हो सकती है। सिविल एयर टर्मिनल रु 68000/- प्रति वर्ग मी0 की निर्माण लागत के हिसाब से यह भूमि की लागत सहित कुल 939 करोड़ रुपये में निर्मित हुआ है। नया सिविल एयर टर्मिनल आराम, सुविधा, सुसज्जता, पर्यावरण हितैषी आदि यात्री सुविधाओ की काफी हद तक पूरा करता है। इस सुविधा की राज्य के पयर्टन मे महत्वपूर्ण भागीदारी होगी और इससे क्षेत्र के आर्थिक विकास को बल मिलेगा।

जनसम्पर्क निदेशालय द्वारा जारी
विस्तृत जानकारी के लिए संपर्क करें
म.प्र. (जनसंपर्क) 011-24622787, 9810025069,
सं. 40 /2015-16

भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी दिनांक 11 सितम्बर, 2015 को प्रो0 कप्तान सिंह राज्यपाल, पंजाब व हरियाणा के राज्यपाल एवं प्रशासक चण्डीगढ़ संघ राज्य क्षेत्र, श्री प्रकाश सिंह बादल, मुख्यमंत्री पंजाब, श्री मनोहर लाल, मुख्यमंत्री हरियाणा, तथा अन्य गणमान्य जनो की उपस्थिति मे चण्डीगढ हवाई अड्डे के नए सिविल एयर टर्मिनल का उद्घाटन करते हुए। चित्र में श्री आर.एन चौबे, सचिव (नागर विमानन)